अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 296 | लखनऊ, गुरुवार, 15 मई 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को भारत के हवाले किया

चंडीगढ़। पाकिस्तान ने करीब 21 दिन बाद बीएसएफ के जवान को आज भारतीय सेना के हवाले कर दिया। कई बार की फ्लैग मीटिंग के बाद आज पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को रिहा करने का फैसला लिया। पश्चिम बंगाल के रहने वाले जवान पूरनम कुमार शॉ 23 अप्रैल को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त के दौरान गलती से सीमा पार कर गए थे। यह घटना पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर के पास हुई थी। वह बीएसएफ की 73वीं बटालियन में तैनात हैं। सीमा पार करते ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में ले गए। जवान के लापता होने के तुरंत बाद बीएसएफ ने अपने समकक्ष पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया। तब इस बात की पुष्टि हुई कि जवान पाकिस्तान की हिरासत में है।

### आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत

कडप्पा। आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के ग्राम मल्लेपल्ले स्थित एक तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गयी। पांचों बच्चों के शव बुधवार को बरामद किए गए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कड़प्पा जिले में तैराकी के लिए गए पांच बच्चों की मौत पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने राज्य सरकार से मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, जिले के ग्राम मल्लेपल्ले निवासी उप्पलापति नारायण यादव के साथ उनकी छोटी बहनें-सावित्री और भवानी अपने बच्चों के साथ घूमने आई थीं। गर्मी की छुट्टियां होने के कारण पांचों बच्चों ने मंगलवार को तालाब में तैरने का फैसला किया।

### जय हिन्द सभाओं के ज़रिए कांग्रेस प्रधानमंत्री से पूछेगी सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने लोकतांत्रिक जवाबदेही को लेकर देश के 10 से 15 शहरों में 'जय हिन्द' सभायें और रैलियां निकालने की घोषणा की है। इन सभाओं और रैलियों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाग लेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान के साथ सीजफायर और अन्य मुद्दों पर सीधे सवाल पूछेंगे। इसी संबंध में 16 मई को राहुल गांधी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भी सवाल उठाएंगे। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बुधवार को पार्टी मुख्यालय में अनौपचारिक बैठक हुई। बैठक के बाद पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी।

# मिलावटखोरी बंद करो, नहीं तो चौराहों पर लगेगी फोटो : योगी

## खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- मुख्यमंत्री ने कहा, दूध, पनीर, तेल, घी और मसालों की जांच उत्पादक इकाइयों पर हो, डेडिकेटेड टीमें बनें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। इस पर किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिह्नित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं।

मुख्यमंत्री ने आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं जो लगातार निगरानी करें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्ज़ापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है। लखनऊ और मेरठ में परीक्षण भी प्रारंभ हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इन प्रयोगशालाओं के संचालन व रखरखाव हेतु एक 'कॉर्पस फंड' स्थापित करने का सुझाव दिया। नकली औषधियों के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस के साथ विभागीय समन्वय को और बेहतर बनाया जाए ताकि प्रवर्तन कार्यवाहियों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई।

खाद्य सुरक्षा की प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से एफएसडीए द्वारा पासवर्ड-संरक्षित बारकोड प्रणाली लागू की गई है। इससे नमूनों के विश्लेषण की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। प्रत्येक नमूने का परीक्षण वैज्ञानिकों द्वारा डिजिटल माध्यम से किया जाता है और उच्च अधिकारियों की स्वीकृति के बाद ही वह विश्लेषण मान्य माना जाता है। आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' नामक मोबाइल ऐप और टोल फ्री नंबर 1800-180-5533 उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत का निस्तारण तभी मान्य माना जाए जब शिकायतकर्ता संतुष्ट हो।

चिकित्सा उपकरण और औषधि विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश और रोजगार सृजन को लेकर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले तीन वर्षों में 1,470 करोड़ के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं।

इससे 3,340 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। औषधि निर्माण इकाइयों, मेडिकल डिवाइस निर्माण, रक्तकोषों और फुटकर औषधि विक्रेताओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। फुटकर औषधि प्रतिष्ठानों में ही बीते तीन वर्षों में 65 हजार से अधिक नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एफएसडीए की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ किया जाए और इसके लिए रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

# मासिक आधार पर जारी होगा श्रम सर्वेक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में श्रम सर्वेक्षण में भारी बदलाव करते हुए इसे मासिक आधार पर जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले यह तिमाही आधार पर जारी किया जाता रहा है।

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि वर्ष 2024 तक श्रम सर्वेक्षण तिमाही आधार पर जारी किये जाते रहे हैं लेकिन अब इसे मासिक आधार पर जारी करने का फैसला किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि इससे भारत के श्रम बाजार की वास्तविक स्थिति का तेजी से आकलन हो सकेगा तथा नीति निर्धारण में सटीकता आयेगी। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से श्रम बाजार समय




पर हस्तक्षेप किया जा सकेगा। हालांकि यह केवल शहरी क्षेत्रों का सर्वेक्षण ही होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बाजार का आकलन तिमाही आधार पर जारी होगा। इसका आधार बढ़ाया गया है। इसके अलावा वार्षिक सर्वेक्षण कैलेंडर वर्ष के आधार पर जारी होगा।

### मोदी 25 मई को राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक करेंगे जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार भाजपा राजग के अपने सहयोगियों को बताएगी कि सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय फैसला था। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह संदेश देगी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का मकसद सिर्फ पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों को निशाना बनाना था, न कि किसी अन्य देश की सेना पर हमला करना। पार्टी भारत की आर्थिक ताकत बढ़ाने और चीन के मुकाबले बेहतर विकल्प के तौर पर उभरने पर भी जोर देगी।


# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

- एचसीएल और फॉक्सकॉन की भागीदारी में होगा 3706 करोड़ रुपये का निवेश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपए के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार



वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरु कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शुरु किये गये भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

# उप्र के 54 जिलों की 150 सड़कों का होगा कायाकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- योगी सरकार उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कर रही है रोड ट्रांसफॉर्मेशन
- राज्य सड़क निधि के अंतर्गत चालू कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के 54 जिलों की 150 प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के तहत कुल 250 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही, 44 जिलों में 79 करोड़ रुपये से 255 सड़कों की विशेष मरम्मत की जाएगी। इस कार्य को राज्य सड़क निधि के अंतर्गत किया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष को शासन की ओर से निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, आजमगढ़, बलिया, हरदोई, फतेहपुर, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, मिर्ज़ापुर, अलीगढ़, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, आगरा, मैनपुरी, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़, बिजनौर, रामपुर, बरेली, हाथरस, फिरोजाबाद, बांदा, महोबा, ललितपुर, फतेहगढ़, इटावा, मुरादाबाद, औरैया, जालौन।फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर देहात, चंदौली, कासगंज, मेरठ, बिजनौर, उन्नाव, कन्नौज, बदायूं, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, फतेहगढ़, कानपुर नगर, ललितपुर, गाजीपुर, जालौन, झांसी, सुल्तानपुर, अमेठी, कौशांबी, शाहजहांपुर, गोरखपुर, अलीगढ़, एटा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, भदोही, सोनभद्र, आगरा, बागपत, गाजियाबाद, बुलंदशहर, रामपुर, बांदा, चित्रकूट, फिरोजाबाद, मुरादाबाद। योगी सरकार प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य सड़क निधि के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। इन सड़कों में से कई का नवनिर्माण किया जाएगा, जबकि कई मार्गों को सुदृढ़ और चौड़ा कर उन्हें यातायात के लिहाज से बेहतर बनाया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में 31 खूंखार नक्सलियों का सफाया : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में दक्षिणी बस्तर अंचल में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा क्षेत्र में बीते 21 दिनों तक चले नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों द्वारा 31 कुख्यात नक्सली मारे गये हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज यहां एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, ल्लनक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर



31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। गृह मंत्री ने दोहराया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।ङ्क उन्होंने कहा कि जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहाँ आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। कुर्रगुट्टालू पहाड़ पीएलजीए बटालियन 1, डीकेएसज़ेडसी, टीएससी एवं सीआरसी जैसी बड़ी नक्सल संस्थाओं का एकीकृत मुख्यालय था, जहाँ नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे। श्री शाह ने कहा, ल्लनक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और मुझे अत्यंत हर्ष है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में एक भी जवान हताहत नहीं हुआ।

# कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट के बाद एक और इंजीनियर की मौत

## डीसीपी ने दिए जांच के आदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पुलिस से महिला डाक्टर के खिलाफ मुकदमा कायम करने की मांग

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट कराने पर एक इंजीनियर की मौत हो गई। इंजीनियर के परिजनों ने बुधवार को डाक्टर के खिलाफ मुकदमा कायम कराने के लिए डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी से मुलाकात की।उन्होंने महिला डाक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया। साथ ही साक्ष्य भी डीसीपी को सौंपे, जिस पर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जांचके आदेश दिए हैं। फर्रुखाबाद निवासी इंजीनियर मयंक कटियार की मां प्रमोदिनी ने उपायुक्त (डीसीपी) को बताया कि बेटे ने बीते साल 18 नवंबर को कानपुर के कल्याणपुर निवासी एक महिला डाक्टर से हेयर प्लांट कराए। आरोप है कि हेयर प्लांट कराने के बाद से ही इंजीनियर के सिर में दर्द शुरू हो गया और चेहरे पर सूजन बढ़ने लगी। जब डॉक्टर से संपर्क किया तो कहा कि सब ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। लेकिन जब हालत ज्यादा बिगड़ी तो डॉक्टर ने कार्डियोलॉजिस्ट को दिखाने की सलाह दी। 19 नवम्बर-24 की सुबह मयंक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने न केवल गलत इलाज किया था, बल्कि मौत के बाद उनका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। मयंक के भाई कुशाग्र कटियार ने बताया कि इससे पूर्व इंजीनियर विनीत दुबे की मौत के मामले में भी महिला डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा हो चुका है।जब इसका पता हमे लगा तो पुलिस से शिकायत करने का फैसला लिया। मेरे भाई पूरी तरह से स्वस्थ थे। डॉक्टर के गलत इलाज ने उन्हें मार डाला। हम चाहते हैं कि डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा कायम कर सख्त कार्रवाई हो।

# आपरेशन सिंदूर में दिखा स्वदेशी हथियारों का दम, भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ी

एजेंसी

- भारतीय सेनाओं ने बिना सीमा पार किए आतंकवादी ढांचे पर हमला करके कई खतरों को खत्म किया

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को खत्म करने के लिए चलाये गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने स्वदेशी हथियारों का दम दिखाया है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान को चीन से आपूर्ति की गई वायु रक्षा प्रणालियों को जाम करके महज 23 मिनट में मिशन पूरा किया, जिससे भारत की बढ़ती स्वदेशी तकनीक का प्रदर्शन हुआ। नियंत्रण रेखा या अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार किए बिना भारतीय सेना ने सटीक और रणनीतिक तौर पर आतंकवादी ढांचे पर हमला करके कई खतरों को खत्म कर दिया।? इस दौरान ड्रोन युद्ध, लेयर्ड एयर डिफेंस या इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में तकनीकी आत्मनिर्भरता भारत के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। पाकिस्तान



ने 07-08 मई की रात को ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। जवाब में भारत के एकीकृत काउंटर यूएएस (मानव रहित हवाई प्रणाली) ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्प्रभावी कर दिया।भारतीय सशस्त्र बलों ने 8 मई की सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय कर दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी प्रणाली ने शानदार प्रदर्शन किया। आकाश एक शॉर्ट रेंज सरफ़ेस टू एयर मिसाइल सिस्टम है, जो कमजोर क्षेत्रों और कमजोर बिंदुओं को हवाई हमलों से बचाता है। आकाश हथियार प्रणाली समूह मोड या स्वायत्त मोड में एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेज़र (ईसीसीएम) सुविधाएं हैं। संपूर्ण हथियार प्रणाली को मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कॉन्फ़िगर किया गया है।?? भारत की वायु रक्षा प्रणाली सेना, नौसेना और मुख्य रूप से वायु सेना के साथ तालमेल में प्रदर्शन करती है। इन प्रणालियों ने एक अभेद्य दीवार बनाई, जिसने पाकिस्तान के कई हमलों को विफल कर दिया। यह ऑपरेशन युद्ध के उभरते नए पैटर्न के लिए संतुलित सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में उभरा। भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान एवं नियंत्रण प्रणाली (आईएसीसीएस) ने इन सभी को एक साथ लाकर आधुनिक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण परिचालन क्षमता प्रदान की।

भारत के आक्रामक हमलों ने सर्जिकल सटीकता के साथ पाकिस्तानी एयरबेस नूर खान और रहीमयार खान को निशाना बनाया। इसके लिए घूमते हुए हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें से प्रत्येक ने दुश्मन के रडार और मिसाइल सिस्टम सहित उच्च-मूल्य वाले लक्ष्यों को ढूंढ कर नष्ट कर दिया।

# बच्चों को मिलेगा पोषण का सुरक्षा कवच, योगी सरकार ने खोला खजाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क


● किशोरियों से लेकर नवजात तक, लाभार्थियों के हर घर तक पहुंचेगा पोषण



लखनऊ। योगी सरकार ने कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को और मजबूत करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों के लिए अनुपूरक पुष्टाहार की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 51.89 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि को मंजूरी दी है। यह फैसला नैफ़ेड के माध्यम से पुष्टाहार सामग्री की बढ़ती लागत को देखते हुए लिया गया है। इसके साथ ही, योगी सरकार ने ह्लअनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्थाह्ल नाम की एक नवोन्मेषी पहल शुरू की है, जो लागत में वृद्धि के बावजूद पोषण आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। योगी सरकरा का यह कदम न केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, बल्कि ग्रामीण सशक्तीकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति देने में महत्वपूर्ण है। हर जरूरतमंद तक पोषण का लाभ पहुंचाने में जुटी सरकारसमन्वित बाल विकास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरियों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह योजना कुपोषण और स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए चलाई जा रही है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां ये चुनौतियां गंभीर हैं। प्रदेश के लाखों आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से फोर्टिफाइड गेहूं दलिया, चना दाल, मसूर दाल और खाद्य तेल जैसी पौष्टिक सामग्री लाभार्थियों तक पहुंचाई जाती है। सरकार ने की 'अनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्था' की शुरुआत इस चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार ने अनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्था शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत, यदि नैफ़ेड द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री की लागत निर्धारित मानकों से अधिक होती है तो राज्य सरकार उस अतिरिक्त लागत को वहन करेगी। इस नवाचार के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरे तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) के लिए 25.92 करोड़ रुपये और चौथे तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) के लिए 25.97 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। कुल 51.89 करोड़ रुपये की यह राशि टॉप-अप के रूप में प्रदान की गई है, ताकि पुष्टाहार की आपूर्ति में कोई रुकावट न आए। पूरे प्रदेश में 347 टीएचआर यूनिट स्थापित करेगी योगी सरकारयोगी सरकार का यह प्रयास केवल पोषण तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों (टीएचआर यूनिट) की स्थापना को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2026-27 तक पूरे प्रदेश में 347 ऐसी इकाइयां स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। ये इकाइयां स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार का उत्पादन करेंगी, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# अहिल्याबाई होलकर के जरिए पाल समाज में पैठ बनायेगी भाजपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को पार्टी से जोड़ने की रणनीति के तहत लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जरिए पाल समाज में पैठ बनायेगी। इसके लिए भाजपा प्रदेशभर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनायेगी और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से समाज को अवगत करायेगी। इस संबंध में रानी अहिल्याबाई होलकर स्मृति अभियान की प्रदेश कार्यशाला इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार की उपस्थिति में कार्यशाला चल रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने बताया पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर का 300वाँ जयंती वर्ष चल रहा है। ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी प्रेरणा का महान स्रोत है। वे कर्तृत्व, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण, प्रशासनिक कुशलता, दूरदृष्टि एवं उज्ज्वल चारित्र्य का अद्वितीय आदर्श थी। उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजाति समूहों तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करनेवाला एक आदर्श शासन था। समाजसुधार, कृषिसुधार, जल प्रबंधन, पर्यावरण रक्षा, जनकल्याण और शिक्षा के प्रति समर्पित होने के साथ साथ उनका शासन न्यायप्रिय भी था। समाज के सभी वर्गों का सम्मान, सुरक्षा, प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देशभर में अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी मना रहा है। सभी प्रान्तों में बड़े–बड़े कार्यक्रम भी हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम हुए हैं। इसके लिए संघ ने अखिल भारतीय स्तर के अलावा सभी प्रान्तों में भी आयोजन समिति बनाई है। उसके तहत वर्षभर कार्यक्रम करने की रूपरेखा बनाई गयी है। अहिल्याबाई पाल (धनगर) समाज की थीं। अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदयराजे होलकर को अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के कई कार्यक्रमों में वह आ चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव ने यूपी में छह नए मिलिट्री स्कूल खोलने की मांग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को केंद्र सरकार से उत्तर प्रदेश में छह नए मिलिट्री स्कूल खोलने की मांग की। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''हम सबमें, अपने आदर्श वाक्य 'शीलम् परम भूषणम' से देशभक्ति, अनुशासन और पराक्रम के शील–चरित्र का बीज बोनेवाले राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर का, देश की प्रतिरक्षा–सुरक्षा में जो योगदान रहा है उसकी परंपरा देश की आजादी से लेकर आज तक निरंतर है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल से पढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश में सच्चे देशप्रेमियों की जो अनंत गौरवशाली परंपरा स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर आज तक रही है उसके आधार पर हमारी ये मांग है कि उत्तर प्रदेश के छह जिलों–लखनऊ, सहारनपुर, कन्नौज, इटावा, वाराणसी और संत कबीर नगर में नए मिलिट्री स्कूल खोले जाएं, जिससे हमारे देश की अखंडता और एकता को चुनौती देनेवाली ताकतों को सही में निर्णायक जवाब दिया जा सके। सपा प्रमुख ने उम्मीद जताते हुए कहा कि आशा है वर्तमान संवेदनशील सामरिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी और देश हित को देखते हुए उत्तर प्रदेश में इन मिलिट्री स्कूलों की स्थापना की तत्काल घोषणा करेगी। भारत और पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बाद अनुशासन, राष्ट्रीय सेवा और राष्ट्र निर्माण में सशस्त्र बलों की भूमिका पर व्यापक राजनीतिक चर्चा के बीच यादव द्वारा यह अपील की गई है।

### ऐशबाग के द वुड अपार्टमेंट में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ऐशबाग में एक अपार्टमेंट में आग लग गई। धुंआ निकलता देख अपार्टमेंट में अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर टीम ने सबसे पहले पूरा अपार्टमेंट खालनी करा लिया। इसके बाद राहत कार्य शूरु किया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरा तरह काबू पा लिया। लखनऊ में बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे ऐशबाग स्थित द वुड अपार्टमेंट में आग लग गई। धुंआ निकलता देख अपार्टमेंट के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल को दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की स्पष्ट वजह का पता नहीं चल सका है।

### रेलवे क्रासिंग के पास युवक का शव मिला, ट्रेन से गिरने से हुई मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव आरडीएसओ पुल के नीचे रेलवे क्रॉसिंग के पास पड़ा था। मानकनगर स्टेशन मास्टर ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान आधार कार्ड से रघुवीर के रूप में हुई। वह उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र के अवनपुर निमदपुर का रहने वाला था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ट्रेन से उतरते समय गिरने से उसके सिर में चोट आई थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया। मृतक के भाई ने बताया कि रघुवीर मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### जेल रोड पर मिला युवक का शव

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राहुल कुमार (36) के रूप में हुई। वह काशीराम कॉलोनी थाना पारा का रहने वाला था। शव जेल रोड स्थित एलपीएस स्कूल के पास मिला। राहुल कुमार शराब का आदी था। टीबी से पीड़ित था। वह नशे की हालत में इधर–उधर घूमता रहता था। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक का भाई भी घटनास्थल पर पहुंचा। परिजनों ने मौत को लेकर किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। आलमबाग इंस्पेक्टर के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### अज्ञात वाहन से डीसीएम की भीषण टक्कर, ड्राइवर–कंडक्टर की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनी नगर में बुधवार सुबह 4 बजे एक डीसीएम की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम ड्राइवर राममोहन और कंडक्टर राजू की मौके पर ही मौत हो गई।


# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी पूर्व बीआरओ निदेशक ने जताई नाराजगी किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार को उदय शंकर श्रीवास्तव पूर्व निदेशक बीआरओ भारतीय सेना ने जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए उदय शंकर ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान और भारत के बीच में युद्ध जैसे हालात थे हमारी सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। प्रदर्शन कर रहे हैं उदय शंकर ने मध्य प्रदेश के भाजपा नेता विजय शाह के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर जिस प्रकार की टिप्पणी किया यह बेहद शर्मनाक है। सेना के जवानों का एक ही धर्म होता है राष्ट्र। कर्नल सोफिया हमारे देश की बहादुर बेटी है जो दुश्मनों से लोहा ले रही है। उनके ऊपर इस प्रकार की टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। इन्होंने कहा कि ऐसे आपत्तिजनक बयान देने वाले लोगों पर सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सेना राष्ट्र गौरव के लिए लड़ती है और सेना का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय नागरिक की जिम्मेदारी है। उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भारतीय देश प्रेम कानून की मांग किया है। 2001 में अमेरिका में आतंकी संगठन तेजी से पनप रहे थे तब पैट्रियाट एक्ट बनाकर स्थिति को सामान्य किया गया था। इस प्रकार मौजूदा समय में भारत में भारतीय देश प्रेम कानून की सबसे अधिक आवश्यकता है। इन्होंने कहा कि पाकिस्तान युद्ध करके भारत को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए समय-समय पर कायराना हरकत करता है।

# विदेशी चखेंगे अवध के आमों का स्वाद, मैंगो बॉक्स करेंगे आकर्षित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। विदेश में आम की अच्छी गुणवत्ता के साथ अवध नाम से विशेष पैकिंग वहां के लोगों को आकर्षित करेगी। दशहरी हो या लंगड़ा, चौसा या फिर अन्य प्रजाति के आम अलग-अलग डिजाइन के मैंगो बॉक्स में भेजे जाएंगे। यह बॉक्स काफी खूबसूरत और मजबूत होंगे। यानी मजबूत बॉक्स में मुलायम आम विदेशों को भेजे जाएंगे। खास बात यह है कि आम की पैकिंग किसान या फिर एफपीओ स्वयं करके निर्यात करेंगे। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसान सक्षम बनेंगे। राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफ़ेड) की मांग पर आम का निर्यात करने के लिए केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) ने छह व नौ पीस के मैंगो बॉक्स की खास डिजाइन तैयार की है। इससे विदेश के लोग खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। बॉक्स में बार कोड से लेकर हर तरह की जानकारी मिलेगी। बाक्स मजबूत भी होंगे। जो एक-दूसरे के ऊपर रखने से खराब नहीं होंगे। इससे पहले निर्यातक किसानों से आम खरीदकर स्वयं बॉक्स तैयार करके पैक करते थे। कुछ एफपीओ भी सहकारी संस्थाओं से बॉक्स खरीदते हैं। लेकिन, छोटे किसानों की पहुंच से दूर हैं। मैंगो बॉक्स मंडी परिषद तैयार कराएगा और उद्यान विभाग किसानों को वितरित करेगा। एक बॉक्स की कीमत करीब 50 रुपये तक होगी। इसे खरीदने पर किसानों को अनुदान मिलेगा। इससे उनकी लागत कम आएगी और निर्यात लायक खूबसूरत बॉक्स आसानी से उन्हें मिलेंगे। यह बॉक्स लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर व हरदोई के किसानों को दिए जाएंगे। इस बार महाराष्ट्र, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता समेत बाहरी शहरों में आम सड़क मार्ग की बजाय ट्रेन से जाएगा। मलिहाबाद स्टेशन पर कुछ ट्रेनों का ठहराव करके उनमें एसएलआर लगाकर आम लोड करके भेजा जाएगा। स्टेशन पर बिक्री प्वांइट बनेगा। जहां किसान व्यापारियों से संपर्क न करके सीधे आम बेचेंगे। इससे आठ से 10 घंटे बचेंगे और छह गुना भाड़ा कम आएगा। किसान अभी से स्टेशन पर बिक्री के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस बार आम का निर्यात खूबसूरत बॉक्स में पैकिंग करके करेंगे। सीआईएसएच ने बॉक्स की खास डिजाइन तैयार की है। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसान स्वयं निर्यात व पैकिंग में सक्षम बनेंगे।

## भतीजे ने की थी चाचा की हत्या, पीटने के बाद बेल्ट से घोंटा था गला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा में 10 दिन पहले हुई मजदूर महेश की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। जांच में पता चला कि रिश्ते के भतीजे मंशाराम ने हत्या की थी। घटना के दिन चाचा-भतीजे ने एक साथ शराब पी थी। नशे में दोनों के बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर भतीजे ने पहले चाचा के सिर पर वार किया। फिर अपनी बेल्ट से उनका गला घोंट दिया। घटना स्थल पर मिली बेल्ट और चप्पल के जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंची।

मृतक की पत्नी ने रंजिश के चलते एक परिवार के छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की सूझबूझ से बेगुनाह लोगों को जेल जाने से बचाया गया। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल और एडीसीपी अमित कुमावत के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने इस हत्याकांड का सफल अनावरण किया। एसीपी रजनीश वर्मा और थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम ने वास्तविक हत्यारे को गिरफ्तार किया।

# कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बयानबाजी से मायावती नाराज, कहा–मंत्री पर हो कार्रवाई

● विदेश सचिव के खिलाफ भी सोशल मीडिया पर की गईं अशोभनीय टिप्पणियों पर व्यक्त किया रोष

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई बयानबाजी को लेकर सोशल मीडिया के एक्स पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी के खिलाफ भी सोशल मीडिया पर की गई अशोभनीय टिप्पणियों पर भी रोष व्यक्त किया है। बसपा प्रमुख ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी की गई। इस तरह की टिप्पणियां वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है, जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री ने सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया के सम्बंध में अभद्र टिप्पणी की है। यह कृत्य अति-दुखद व शर्मनाक है। भाजपा व केन्द्र सरकार को इसे गंभीरता से लेकर मंत्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। गौरतलब है कि जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' लांच करके आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। सेना की ओर से प्रवक्ता के तौर पर इस आपरेशन की पूरी जानकारी कर्नल सोफिया कुरैशी द्वारा दी जा रही थी। इसे लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कहा कि जिन लोगों ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा, मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी की तेसी कर दी। इससे पहले विदेश सचिव के खिलाफ भी कुछ शरारती तत्वों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां की थीं।

## राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले में दाखिल नई याचिका वापस

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने याची को पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की अनुमति देते हुए, याचिका को वापस लेने के आधार पर खारिज कर दिया है। दरअसल 5 मई को ही इसी विवाद की याची की एक याचिका को न्यायालय ने निस्तारित किया था। नयी याचिका दाखिल करते हुए याची ने कुछ नए साक्ष्य दाखिल करने का भी दावा किया था। यह भी मांग की गयी थी कि जब तक याचिका पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी जाय। यह याचिका कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर ने दाखिल की थी। हालांकि न्यायालय ने कहा कि याची के पास निस्तारित हुई याचिका में पुनर्विचार प्रार्थना पत्र दाखिल करने का विकल्प है। उल्लेखनीय है कि याची ने पहले भी राहुल गांधी की नागरिकता विवाद मामले में एक याचिका दाखिल की थी। उक्त याचिका को न्यायालय ने 5 मई को निस्तारित करते हुए आदेश दिया था कि याची अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकता है, साथ ही उसने इस विषय पर जो प्रत्यावेदन केंद्र सरकार को दे रखा है, उसका भी सक्षम अधिकारी द्वारा परीक्षण किया जा सकता है।

# वरिष्ठ पत्रकार स्व. अखिलेश कृष्ण मोहन और स्व. पार्वती देवी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार व फर्क इंडिया के संस्थापक स्व. अखिलेश कृष्ण मोहन और उनकी माता स्व. पार्वती देवी की चौथी पुण्यतिथि पर मंगलवार को लखनऊ स्थित उनके निवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता जगत से जुड़े अनेक वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनैतिक नेताओं ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. अखिलेश कृष्ण मोहन और स्व. पार्वती देवी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप विश्वकर्मा ने कहा कि ह्लस्व. अखिलेश एक शानदार पत्रकार थे, जिन्होंने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाया। वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने उन्हें याद करते हुए कहा, ह्लअखिलेश कृष्ण मोहन पत्रकारों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाते थे। वे सभी को जोड़ने का काम करते थे। वरिष्ठ पत्रकार राजवीर सिंह ने कहा, वे एक जमीनी पत्रकार थे, जिनकी पकड़ सामाजिक मुद्दों पर बहुत मजबूत थी। वहीं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने उन्हें याद करते हुए कहा, ह्लअखिलेश जी हमेशा मुद्दों की गहराई में जाकर पत्रकारिता करते थे। वरिष्ठ पत्रकार अमित यादव ने कहा कि वो जुझारू और संघर्षशील पत्रकार थे, जिन्होंने हमेशा निडर होकर सच्चाई को सामने रखा। नेशनल जनमत के नीरज पटेल ने कहा, अखिलेश जी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी आवाज बनते थे। कांग्रेस नेता अनामिका यादव ने कहा, ह्लहम सभी अखिलेश जी के परिवार के साथ खड़े हैं और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रभान यादव ने कहा कि हमें अखिलेश जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए पत्रकारिता करनी चाहिए। डॉ. टी.आर. यादव ने कहा कि ह्लवे हर मुद्दे को गंभीरता से लेते थे और उसे कवर करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। स्व. अखिलेश कृष्ण मोहन की पत्नी श्रीमती रीता कृष्ण मोहन ने बताया कि वर्ष 2020 में कोविड के दौरान स्वर्गवास हो गया था। उसके बाद से प्रति वर्ष उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर शिल्पी चौधरी, प्रमोद यादव, काशी प्रसाद यादव, डॉ. मुलायम सिंह, योगेश दीक्षित, सुनील यादव, राजू यादव, शुभी पटेल, फूल चंद्र, राजीव गुप्ता, शेखर पंडित,ओपी राजभर, अनूप सिंह, अशोक कुमार प्रभात सहित कई पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल एक स्मृति आयोजन थी, बल्कि पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक सरोकारों को पुनः स्मरण करने का अवसर भी बनी।

## जानकीपुरम में जलापूर्ति को लेकर जलकल विभाग सक्रिय, क्षेत्रीय निरीक्षण में पानी की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम के सेक्टर-जे में जल की गुणवत्ता को लेकर हाल ही में आई कुछ शिकायतों पर जलकल विभाग ने तत्परता से संज्ञान लेते हुए निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया। विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र का दौरा किया गया, जिसमें जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन की जांच की गई, जहां किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी या फॉल्ट नहीं पाया गया। क्षेत्र के अधिकतर घरों में स्वच्छ एवं नियमित जलापूर्ति की पुष्टि हुई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था संतोषजनक रूप से कार्य कर रही है।निरीक्षण के दौरान एक्सईएन श्री सचिन कुमार यादव और पंप सुपरिटेंडेंट व जेई अरुण सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जलकल विभाग ने आश्वस्त किया कि जलापूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह मॉनिटर किया जा रहा है और किसी भी शिकायत की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कुलदीप सिंह ने कहा जलकल विभाग का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। हम नियमित निरीक्षण और सतर्कता के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में स्थित सभी ट्यूबवेल सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें जल आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या महसूस हो, तो वे विभाग को सीधे सूचित करें।

# दिव्यांग के साथ ही माँ को भी मिली योजना की सौगात

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बुधवार को जनसुनवाई के दौरान टोडरपुर विकास खण्ड के बूढ़नपुर गाँव की एक आँखों से दिव्यांग लड़की प्रेमवती अपनी माँ सरबत्ता के साथ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष पहुँची। लड़की की माँ सरबत्ता ने बताया कि उसके पास शौचालय नहीं है। शौच के लिए बाहर जाने पर कई बार कांटे भी लग जाते हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल बीडीओ टोडरपुर से वर्चुअल माध्यम से बीडीओ से बात की और पात्रता की जाँच कर व्यक्तिगत शौचालय देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दिव्यांग प्रेमवती के दिव्यांग प्रमाण पत्र को देखा जिसमें दिव्यांगता 100 प्रतिशत उल्लिखित थी। उन्होंने तुरंत दिव्यांग कल्याण अधिकारी को बुलाया तथा तत्काल यूडीआईडी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि चलने में सुगमता के लिए प्रेमवती को एक छड़ी दी जाये। दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी तत्काल एक छड़ी लेकर आये जिसे जिलाधिकारी ने अपने हाथों से प्रेमवती को सौंपा। जिलाधिकारी ने प्रेमवती की माँ सरबत्ता से पूछा कि क्या उनको वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है। इस पर सरबत्ता ने बताया कि उनको पेंशन नहीं मिल रही है और उनको प्रक्रिया की जानकारी भी नहीं है। जिलाधिकारी ने तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर सरबत्ता का वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन करवाने के निर्देश दिए तथा जल्द पेंशन प्रारम्भ करवाने को कहा। सरबत्ता जिलाधिकारी को दुवाएं देते हुए जनसुनवाई कक्ष से निकली। उन्होंने कहा कि बेटी प्रेमवती के लिए न्याय की आस लेकर आयी थी, खुद को भी बिन मांगे ही पेंशन का उपहार मिल गया।



# उत्कर्ष सिंह ने विद्यालय में प्राप्त किया तीसरा स्थान

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** सीबीएससी 12वीं की परीक्षा में 95.6% अंक प्राप्त कर कछौना निवासी छात्र उत्कर्ष सिंह ने नाम रोशन किया। छात्र की हौसला अफजाई करने के लिए सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने घर पहुंचकर सम्मानित किया। छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की।

माधौगंज में स्थित एलपीएस में कछौना के कलौली निवासी हरिओम सिंह व्यवसायी का पुत्र उत्कर्ष सिंह कक्षा 12 का छात्र हैं। उसने सीबीएससी 12वीं की परीक्षा में 95.6% अंक आयोजित कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्कर्ष सिंह ने कहा जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व हैंए कड़ी मेहनत व समय का सही सदुप्रयोग से अपनी मंजिल पा सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक सुनील सिंह, श्रीश मिश्रा, पूर्व प्रधान गौतम कनौजिया, मण्डल अध्यक्ष मयंक सिंह, दिवाकर सिंह आदि प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



# आईटीआई में तीन नई ट्रेड होंगी शुरू



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजकीय आईटीआई में कम लोकप्रिय पुरानी ट्रेडों को बंद करने व अधिक सम्भावना वाली नई ट्रेडों को प्रारंभ करने के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईटीआई में ऐसी ट्रेडों की शुरुआत की जाए जो रोजगार की दृष्टि से अधिक बेहतर हों। उन्होंने कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी, ड्रेस मेकिंग व स्वीइंग टेक्नोलॉजी के ट्रेड बंद करने तथा तीन नए ट्रेड कैटरिंग एंड हॉस्पिटैलिटी असिस्टेंट, सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल) वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट को प्रारंभ करने पर अपनी सहमति दी। जिलाधिकारी ने नई ट्रेड शामिल होने पर खुशी जतायी तथा कहा कि ये ट्रेड युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, प्रधानाचार्य आईटीआई रोहित श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी अनुदान योजना के सम्बन्ध में हुई बैठक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने शादी अनुदान योजना के अंतर्गत किए गए भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने कहा कि पात्रों को किए जाने वाले भुगतान में अनावश्यक देरी न की जाए। लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्य गुरुरानी, विधायक सवायजपुर के प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी व अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## 05 जून तक करे आवेदन: प्रधानाचार्य

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई आर0के0 श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद हरदोई के राजकीयध्निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से पिहानी एवं हरदोई में संचालित व्यवसायों के 06 दीर्घकालीन व्यवसायों में माह अगस्त 2025 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट पर अपना फार्म भरना होगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन से पूर्व ओटीपी से मोबाइल नम्बर का सत्यापन कराना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे ऑनलाईन भुगतान करना होगा। ऑनलाइन आवेदन 05 जून 2025 रात्रि 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश पंजिकरण शुल्क सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू0 250 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु शुल्क रू0 150 है।

## यू0जे0 इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएससी बोर्ड में लहराया परचम

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड कछौना में सीबीएससी बोर्ड से यू0जे0 इंटरनेशनल स्कूल संचालित है। शिक्षा के क्षेत्र में यह विद्यालय बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जिसके परिणाम से कक्षा 10 की एक छात्र अंशिका गुप्ता ने 95% अंक, मोहम्मद हमजा 92% अंक, लक्ष्य गुप्ता ने 90% अंक, कृष्ण द्विवेदी ने 89% अंक, अंशिका अग्रवाल ने 89% अंक, अनुराग सिंह ने 88.5%, अंक मोहम्मद फैजान ने 86.4% अंक, अभय कुमार राठौर ने 85.4% अंक, आलोक कुमार ने 84.4 प्रतिशत अंक, राज मौर्य ने 84.4% अंक, अनिरुद्ध गुप्ता ने 81% अंक, अनुष्का गुप्ता 81%, मंदिरा शुक्ला ने 81% अंक, कक्षा 12वीं की टॉपर नेहा राठौर 85% अंक, सफल छात्राओं ने बताया उनकी कड़ी मेहनत शिक्षा का बेहतर मार्गदर्शन, विद्यालय प्रबंधन का बेहतर परिवेश, विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर हौसला आपदाई की गई। विद्यालय के निदेशक शिवम गुप्ता व विधि गुप्ता ने बताया विद्यालय भविष्य में भी शैक्षिक उत्कृष्टता की परंपरा बनाए रखेगी।

## ई-रिक्शा की टक्कर से घायल किसान की इलाज के दौरान मृत्यु

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम सभा व ग्राम महरी के किसान मूलचन्द्र (58) बाजार सब्जी खरीदने के दौरान ई रिक्शा की टक्कर से इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम सभा महरी निवासी किसान मूलचन्द्र सोमवार को बघौली बाजार सब्जी खरीदने गए थे। इसी दौरान ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। ई रिक्शा चालक दूर तक घसीटता हुआ चला गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ को रिफर कर दिया गया। इलाज के दौरान किसान मूलचन्द्र की मृत्यु हो गई। मृतक मूलचन्द्र कृषि कार्य व मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद ई-रिक्शा चालकों की कार्यशैली में सुधार नहीं हो पा रहा है। जिसका खामियाजा प्रतिदिन कोई न कोई बेगुनाह को उठाना पड़ता है। इस घटना से परिवार का रो.रो कर बुरा हाल है।



मृतक की फाइल फोटो

## 22 वर्षीय युवती ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र कछौना की ग्राम सभा मतुआ निवासी राजेंद्र गौतम की 22 वर्षीय पुत्री मोनी ने मंगलवार की रात घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के ग्राम मतुआ निवासी राजेंद्र गौतम की 22 वर्षीय पुत्री मोनी ने घर के अंदर कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन छत पर सो रहे थे। रात में चीख पुकार सुनकर परिचय नीचे आए, दरवाजा खोला तब पुत्री कमरे के अंदर बल्ली में फाँसी का फंदा बनाकर झूल रही थी। परिजनों ने कोतवाली कछौना को सूचना दी, मौके पर क्षेत्राधिकारी बघौली व प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## शासन द्वारा आयुक्त लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है:.सुशील मिश्रा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उप जिलाधिकारी,सदर सुशील कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि तत्कालीन उप जिलाधिकारी, सदर हरदोई स्वाति शुक्ला सम्प्रति अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जनपद फर्रूखाबाद एवं तत्कालीन तहसीलदारए सदर हरदोई सम्प्रति उप जिलाधिकारी जनपद एटा प्रतीत त्रिपाठी द्वारा तहसील सदर के ग्राम फरीदापुर हरदोई में राजस्व संहिता में प्राविधानित व्यवस्था के वितरीत सर्वाधिक पात्रों को छोड़कर अपात्रों को किये गये नियम विरूद्व कृषि भूमि आवंटन के संबंध में किये गये गम्भीर अपकृत्यध् कदाचार अनियमितता के लिए प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए उ0प्र0 शासन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए दोनों अधिकारियों के विरूद्व विभागीय कार्यवाही करते हुए आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है। इस सम्बन्ध में एसडीएमए सदर ने ग्राम फरीदापुर के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया है कि विगत वर्ष दिसम्बर 2022 में कृषि भूमि आवंटन प्रस्ताव में कथित अनियमितता के सम्बन्ध में ग्राम सभा कि किसी व्यक्ति को कोई साक्ष्यए अभिलेख या आवंटन से संबंधित कोई अन्य जानकारी साझा करना है तो वह जांच अधिकारीध्आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ के समक्ष 19 मई 2025 तक किसी भी कार्यालय दिवस में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

# संस्था सनशाइन कान्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सनशाइन कान्वेंट स्कूल में वुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर शुभारंभ नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला ने फीता काटकर किया। नगर अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं ने शिल्प, अंतरिक्ष, शिक्षा, विकास कार्य, पर्यावरण, प्राचीन संस्कृति, स्वास्थ्य आदि विषयों की बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विभिन्न मॉडल प्रस्तुत का छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नगर प्रमुख राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने छात्राओं के मॉडल की सराहना की, उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा होता है। उनकी तार्किक शक्ति बढ़ती है। उनके अंदर अपने सपनों को साकार करने की इच्छा शक्ति बढ़ती है। छात्र-छात्राओं ने मॉडल वॉल हैंगिंग आराध्या सिंहए पेड़ के भाग छात्र सबिया, फूलदान अर्शीनाच, मॉडल मानव हृदय छात्र ऋतिक सोनी, मंदिर दिवित शुक्ला, कूड़ेदान आर्वेन, पुष्प कवि चैतन्य, घर अनुष्का, भारत का नक्शा छात्र सिद्ध नेताजी, दिन और रात छात्र समीक्षा, वायु प्रदूषण छात्रा सत्यार्थ, सौर मॉडल छात्र ओवैस, चंद्रयान 3 अमृता राजवंशी, ज्वालामुखी रिया सिंह, स्मार्ट सिटी आयुष पाल सोलर सिस्टम मॉडल छात्र संगम मिश्रा, पृथ्वी बचाओ मॉडल छात्र आकृति द्विवेदी, आराध्या सोनी, साक्षी गुप्ता, यशस्वी गुप्ता आदि छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर मौजूद प्रस्तुत किया। अभिभावकों को व प्रबुद्धजनों ने बच्चों के मॉडल प्रस्तुति को सराहा, उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर प्रबुद्धजनों, अभिभावक, सभासद गण, मण्डल अध्यक्ष मयंक सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, अवधेश रावत, विमल गुप्ता, योगेश सिंह, प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब, अतुल शुक्ला, अजय बाजपेई, सत्यम गुप्ता, श्याम जी शुक्ला, अनूप दीक्षित, रानू सोनी आदि प्रबुद्धजनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रबंधक सुनील सोनी ने सभी का आभार जताया।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम सिंह पत्नी श्री दिलीप कुमार व श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री गंगाधर कुशवाहा, नि0-ग्राम-सदरियापुर परगना व तहसील बिलग्राम, जनपद-हरदोई व श्रीमती डेनिस पत्नी श्री ऋषिपाल, निवासी-मो0 सुल्हाड़ा, कस्बा-बिलग्राम, जनपद-हरदोई ने भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें मो0 सुल्हाड़ा अन्दर नगर पालिका बिलग्राम जनपद-हरदोई में आवासीय भूमि है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है-

पूरब- बिलग्राम कन्नौज मार्ग।
पश्चिमी- मकान प्यारेलाल व श्रीमती सुखरानी
उत्तर- सड़क नगर पालिका बिलग्राम
दक्षिण- खेत प्लाट इमरान आदि

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री गंगाधर कुशवाहा, नि0-ग्राम-सदरियापुर परगना व तहसील बिलग्राम, जनपद-हरदोई ने भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें मो0 सुल्हाड़ा अन्दर नगर पालिका बिलग्राम जनपद-हरदोई में आवासीय भूमि है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है-

पूरब- बिलग्राम कन्नौज मार्ग।
पश्चिमी- मकान श्रीमती सुखरानी
उत्तर- प्लाट डेनिस
दक्षिण- प्लाट मन्जू आदि

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# हथौड़ा रजबहा तेरवा पुलिया के पास दशकों से खराब पड़े साइफन का निर्माण कार्य शुरू, किसानों को मिलेगी राहत



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** विकासखंड कछौना की ग्राम सभा पतसेनी देहात में हथौड़ा रजबहा पुलिया तेरवा के पास साइफन कई वर्षों से खराब पड़ा है। ड्रेन की विधिवत सफाई न होने पर साइफन खराब पड़े होने के कारण सैकड़ो किसानों की सैकड़ो बीघा फसल बरसात के समय जलमग्न हो जाती थी। ग्रामीण साइफन निर्माण की मांग कई दशक से लगातार कर रहे थे। परंतु समस्या का निराकरण नहीं हुआ था, ग्रामीणों ने पूरे मामले की सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल को अवगत कराई, उन्होंने पूरे मामले को विधानसभा के सदन में उठाया, प्रशासन हरकत में आ गया। सिंचाई विभाग से त्वरित साइफन निर्माण का कार्य शुरू हो गया। जिसका निरीक्षण सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने वुधवार को किया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक साइफन निर्माण करने का निर्देश दिया। किसानों की समस्या को ध्यानगत रखते हुए अच्छा कार्य करें, दशकों से चली आ रही किसानों की समस्या से निजात मिलेगा। यह साइफन हथौड़ा रजबहा का तेरवा पुलिया के पास है, यह ड्रेन ग्राम तेरवा तालाब से टिकारी बेतवा नाला तक है। साइफन के निर्माण न होने से दर्जनों ग्रामों के सैकड़ो किसानों की फसल जलमग्न हो जाती थी। किसानों के सामने ज्वलंत समस्या है। ग्राम प्रधान डॉक्टर मुख्तार प्रधान, संघ अध्यक्ष मोहम्मद नसीम, ग्रामीण रामऔतार मौर्य, रामनाथ मौर्य सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी एसडीओ राजेंद्र कुमार, अनुपम त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कौहरिया रामपाल हत्याकांड, मृतक की पत्नी ने दो दोस्तों पर कराया हत्या का मुकदमा



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** कोतवाली के कौहरिया गांव में सुबह ०9:00 बजे गन्ने के खेत से बरामद हुए रामपाल के क्षत विक्षत शव के मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव का रहने वाला रामपाल पुत्र मेवाराम दो दिन पहले अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसे काफी ढूंढा परंतु नहीं मिला। तब कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी गई। बुधवार को सुबह ०9:00 बजे कौहरिया गांव की एक महिला बकरी चराने गई तो उसने गन्ने के खेत में लाश पड़ी देखी तो वह डर गई। भाग कर गांव पहुंची। उसने गांव में लाश के बारे में बताया। देखते ही देखते गन्ने के खेत में भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय और क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे तो देखा लाश के ऊपर से गन्ने की पाती पड़ी हुई थी जिससे स्पष्ट होता था की लाश को छुपाने का प्रयास किया गया। वहीं काफी दूर तक लाश को घसीटे जाने के निशान भी पाए गए। पाती हटाकर लाश को निकाला गया।

# जमीनी विवाद में बेटे ने की पिता की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र के बरनई चतर्खा गांव में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। महज छह बिसवां जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में बेटे ने अपने ही पिता की ईंट मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

बरनई चतर्खा गांव निवासी 55 वर्षीय राजीव का अपने बेटे सुकमन से काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बहस ने उग्र रूप ले लिया और सुकमन ने गुस्से में पास पड़ी ईंट उठाकर अपने पिता के सिर पर मार दी। गंभीर चोट लगने से राजीव मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। परिजन आनन.फानन में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचेए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हरपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## पाक को दो टूक

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े शब्दों में पाक को चेताया है। उन्होंने सेना के सभी अंगों और सुरक्षा बलों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि फिलहाल युद्ध स्थगित हुआ, खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने साफ किया कि वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। यह भी कि दो-तीन दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि टॉक और टेरर व ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने आतंक की पोषक पाक सरकार को खुले शब्दों में चेताया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। उनका इशारा सिंधु समझौते को स्थगित करने की तरफ था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि अब न्यू नॉर्मल है कि भारत ने आतंक की लड़ाई के खिलाफ नई लकीर खींच दी है। आतंक का अपनी शर्तों पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, न्यूक्लियर भयादोहन सहन नहीं होगा तथा आतंकवादियों तथा आतंक को पोसने वाली सरकार को अलग-अलग करके नहीं देखा जाएगा। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया है कि आतंकवाद को संरक्षण देने में पाक सरकार की सक्रिय भूमिका है। एक बार फिर पाक पोषित आतंकवाद दुनिया के सामने उजागर हुआ है। साथ ही कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज की समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। उन्होंने सेना के पराक्रम और भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है।

**आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। यह भी कि दो-तीन दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि टॉक और टेरर व ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने आतंक की पोषक पाक सरकार को खुले शब्दों में चेताया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।**

भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें 21वीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफ़ेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। साथ ही उन्होंने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया। उन्होंने माना कि यह युद्ध का समय नहीं है। लेकिन जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तानी हुक्मरानों को आतंकवादियों को खाद-पानी देने से बचना होगा। आतंकवाद के ढांचे को खत्म किए बिना पाकिस्तान में शांति की स्थापना संभव नहीं है। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी।

# पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात?

सुरेश हिंदुस्तानी

**पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्रवाई करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है।**

पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्रवाई को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छुप कर बैठे हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्रवाई करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था, इमरान खान को सत्ता में आने से रोकना। सबसे ज्यादा सीट प्राप्त करने के बाद भी इमरान को विपक्ष की भूमिका से संतुष्ट होना पड़ा। अब इमरान खान के समर्थक युद्ध विराम के बाद सरकार के विरोध में अभियान छेड़े हुए हैं। इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जंग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए। इससे पूर्व ब्लूचिस्तान के लड़ाकों ने जफर एक्सप्रेस को हाई जैक करके पाकिस्तान की सरकार के समक्ष चुनौती पूर्ण हालात पैदा कर दिए थे। ब्लूचिस्तान लम्बे समय से पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है। दूसरी ओर पाकिस्तान के अंदर सिंध और पंजाब में भी कई बार सरकार के विरोध में स्वर मुखरित हो चुके हैं। कहा जाता है कि इन दोनों राज्यों के साथ सरकार ने उपेक्षित व्यवहार किया है। इसके कारण पाकिस्तान की सरकार को जनता के विरोध का सामना करना पड़ा है। यह सारी स्थिति पाकिस्तान को गृह युद्ध की ओर भी ले जा सकती है।

# भारतीय आध्यात्म के वैश्विक दूत परमहंस योगानंद

डॉ. सुब्रत बांश

**सन् 1920 में परमहंस योगानंद अमेरिका के बोस्टन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धार्मिक उदारवादियों की कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी, लेकिन इस यात्रा ने उन्हें एक वैश्विक आध्यात्मिक दूत बना दिया। उसी वर्ष उन्होंने अमेरिका में Self-Realization Fellowship (एसआरएफ) की स्थापना की, जो ध्यान और क्रिया योग के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार की शिक्षा को प्रसारित करता है। पांच साल बाद, 1925 में लॉस एंजेलिस में एसआरएफ का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय स्थापित हुआ, जो आज भी योगानंद की शिक्षाओं का केंद्र बना हुआ है। पश्चिमी जगत, जो उस समय भौतिकता और औद्योगिकीकरण की ओर दौड़ रहा था, वहां भारतीय योग की यह सौम्य आहट एक नई चेतना का सूत्रपात थी। योगानंद की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने धर्म को किसी मत या पंथ के बंधन से परे रखा। उनका संदेश था-ईश्वर को महसूस करो, न कि केवल मानो। वे कहते थे कि ध्यान, प्राणायाम और आत्मचिंतन के माध्यम से हर इंसान ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है।**

जब दुनिया के अनेक राष्ट्रों ने सत्ता, सैन्य और अर्थव्यवस्था के दम पर उपनिवेश बनाए, तब भारत ने एक अलग राह चुनी-आध्यात्मिक प्रभाव की राह। यहां के ऋषियों-मुनियों ने मानवता को आत्मबोध, ध्यान, और शांति का संदेश दिया। इस आध्यात्मिक धरोहर को 20वीं सदी में वैश्विक मंच तक पहुंचाने वाले एक महान योगी थे-परमहंस योगानंद। योगानंद न केवल भारतीय योग और ध्यान परंपरा के प्रचारक थे, बल्कि उन्होंने भारतीय संस्कृति की एक तरह की 'आध्यात्मिक उपनिवेशिकता' की नींव भी रखी-जिसमें कोई जबरदस्ती नहीं थी, बस आत्मा की गहराइयों से निकला संदेश था जो सीधे विश्व-मानव के हृदय को छू गया। सन् 1920 में परमहंस योगानंद अमेरिका के बोस्टन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धार्मिक उदारवादियों की कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी, लेकिन इस यात्रा ने उन्हें एक वैश्विक आध्यात्मिक दूत बना दिया। उसी वर्ष उन्होंने अमेरिका में Self-Realization Fellowship (एसआरएफ) की स्थापना की, जो ध्यान और क्रिया योग के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार की शिक्षा को प्रसारित करता है। पांच साल बाद, 1925 में लॉस एंजेलिस में एसआरएफ का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय स्थापित हुआ, जो आज भी योगानंद की शिक्षाओं का केंद्र बना हुआ है। पश्चिमी जगत, जो उस समय भौतिकता और औद्योगिकीकरण की ओर दौड़ रहा था, वहां भारतीय योग की यह सौम्य आहट एक नई चेतना का सूत्रपात थी। योगानंद की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने धर्म को किसी मत या पंथ के बंधन से परे रखा। उनका संदेश था-ईश्वर को महसूस करो, न कि केवल मानो। वे कहते थे कि ध्यान, प्राणायाम और आत्मचिंतन के माध्यम से हर इंसान ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है। उनकी शिक्षाएं पूर्व के गहन अध्यात्म और पश्चिम की वैज्ञानिक सोच का अनूठा संगम थीं। उन्होंने क्रिया योग को एक वैज्ञानिक पद्धति की तरह प्रस्तुत किया, जो जीवन के हर क्षेत्र में शांति, संतुलन और जागरूकता ला सकती है। सन् 1946 में प्रकाशित योगानंद की आत्मकथा 'Autobiography of a Yogi' आज भी दुनिया भर में पढ़ी जाती है। यह न केवल उनके जीवन का दस्तावेज़ है, बल्कि भारतीय योग परंपरा का जीवंत वर्णन भी है। अब तक यह 50 से अधिक भाषाओं में अनूदित हो चुकी है और इसे आध्यात्मिक साहित्य की क्लासिक माना जाता है। एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स इस पुस्तक से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने अपने आईपैड में केवल यही एक किताब रखी थी, और अपनी मृत्यु से पहले इसे अपने निकट सहयोगियों को उपहारस्वरूप दिया था। योगानंद की एक अन्य उल्लेखनीय पुस्तक 'The Second Coming of Christ' है, जिसमें उन्होंने ईसा मसीह की शिक्षाओं को हिंदू योग दर्शन के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित किया है। इस प्रयास ने आध्यात्मिक संवाद को वैश्विक आयाम दिया। योगानंद ने एक गहन प्रश्न उठाया था-ल्लमनुष्य बाहरी दुनिया को जीतने में व्यस्त है, लेकिन क्या वह अपने भीतर की दुनिया से भी परिचित है?ङ्क आज की भागदौड़, तनाव और तकनीकी अशांति से जूझती दुनिया में यह सवाल पहले से अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनकी पुस्तक 'How to Live' की सात-खंडीय शृंखला जीवन में शांति, स्पष्टता और आत्म-संयम लाने के व्यावहारिक उपाय देती है। इनमें कार्य-जीवन संतुलन, आंतरिक ऊर्ज़ा, सकारात्मक सोच, और ध्यान जैसे विषयों को अत्यंत सरल और प्रभावी भाषा में प्रस्तुत किया गया है। सन् 1952 में जब योगानंद ने अमेरिका में ही शरीर त्यागा, तो वे भले ही भौतिक रूप से नहीं रहे, लेकिन उनकी शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। उनके द्वारा स्थापित संगठन एसआरएफ और भारत में स्थित Yogoda Satsanga Society (वाईएसएस) निरंतर सक्रिय हैं।इन संस्थानों के माध्यम से अब भी ध्यान शिविर, ऑनलाइन कोर्स, पुस्तकें और ऑडियो लेक्चर के ज़रिये लोगों तक योगानंद का संदेश पहुंच रहा है -शांति तुम्हारे भीतर है, बाहर नहीं। परमहंस योगानंद केवल एक संन्यासी नहीं थे; वे भारत की सांस्कृतिक चेतना के ऐसे दूत थे, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृति की विजय तलवार से नहीं, आत्मा की शक्ति से होती है। उन्होंने अमेरिकी समाज में भारतीय योग, ध्यान और आत्मबोध की ऐसी गहरी जड़ें जमाईं, जो आज भी जीवंत हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत की असली शक्ति उसकी आध्यात्मिक परंपरा में है-वह परंपरा जो संकीर्णता नहीं सिखाती, बल्कि पूरे विश्व को एक परिवार मानकर चलती है। आज जब दुनिया मानसिक अशांति, अवसाद और अस्तित्व के संकट से जूझ रही है, परमहंस योगानंद की शिक्षाएं एक बार फिर प्रासंगिक हो उठी हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि सच्चा परिवर्तन भीतर से शुरू होता है और वही परिवर्तन संपूर्ण विश्व को भी बदल सकता है।

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर विशेष

ललित गर्ग

**आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है।**

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां: सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अपरियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। विचारभेद मनभेद तक पहुंचा देगा। विश्वास संदेह में उतर आएगा। ऐसी अनकही तनावों की भीड़ में आदमी सुख के एक पल को पाने के लिए तड़प जाता है। कोई किसी के सहने/समझने की कोशिश नहीं करता। क्योंकि उस घर-परिवार में उसके ही अस्तित्व के दायरे में उद्देश्य, आदर्श, उम्मीदें, आस्था, विश्वास की बदलती परिधियां केंद्र को ओझल कर भटक जाती हैं। विघटन शुरू हो जाता है। भारतीय परिवार में परिवार की मर्यादा और आदर्श परंपरागत है। विश्व के किसी अन्य समाज़ में गृहस्थ जीवन की इतनी पवित्रता, स्थायीपन, और पिता-पुत्र, भाई-भाई और पति-पत्नी के इतने अधिक व स्थायी संबंधों का उदाहरण प्राप्त नहीं होता। विभिन्न क्षेत्रों, धर्मों, जातियों में सम्पत्ति के अधिकार, विवाह और विवाह विच्छेद आदि की प्रथा की दृष्टि से अनेक भेद पाए जाते हैं, किंतु फिर भी 'संयुक्त परिवार' का आदर्श सर्वमान्य है। अधिकतर परिवार में तीन पीढ़ियों और कभी कभी इससे भी अधिक पीढ़ियों के व्यक्ति एक ही घर में, अनुशासन में और एक ही रसोईघर से संबंध रखते हुए सम्मिलित संपत्ति का उपभोग करते हैं और एक साथ ही परिवार के धार्मिक कृत्यों तथा संस्कारों में भाग लेते हैं। मुसलमानों और ईसाइयों में संपत्ति के नियम भिन्न हैं, फिर भी संयुक्त परिवार के आदर्श, परंपराएं और प्रतिष्ठा के कारण इनका सम्पत्ति के अधिकारों का व्यावहारिक पक्ष परिवार के संयुक्त रूप के अनुकूल ही होता है। संयुक्त परिवार का कारण भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त प्राचीन परंपराओं तथा आदर्श में निहित है। रामायण और महाभारत की गाथाओं द्वारा यह आदर्श जन-जन में संप्रेषित है। इंसानी रिश्तों एवं पारिवारिक परम्परा के नाम पर उठा जिन्दगी का यही कदम एवं संकल्प कल की अगवानी में परिवार के नाम एक नायाब तोहफा होगा।

# रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तानी को लेकर तेज हुई दौड़

एजेंसी



नई दिल्ली। टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के पिछले हफ्ते संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम के नए कप्तान को लेकर चर्चा तेज़ हो गई है। जहां एक ओर शुभमन गिल का नाम सामने आ रहा है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर. अश्विन ने तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को कप्तानी के लिए मज़बूत दावेदार बताया है। अपने शो 'ऐश की बात' में अश्विन ने कहा,ल्लइंग्लैंड जाने वाली टीम नई और बदली हुई होगी और उस टीम में शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। वो निश्चित रूप से कप्तानी के विकल्पों में शामिल हैं। मैं मानता हूं कि वो इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके शारीरिक भार को देखकर फैसला लेंगे। गौरतलब है कि जसप्रीत बुमराह ने 2022 में एजबेस्टन में खेले गए पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी, जब रोहित शर्मा कोविड के कारण टीम से बाहर थे। उस मैच में भले ही भारत को हार मिली थी, लेकिन बुमराह की कप्तानी की काफी तारीफ हुई थी। इसके अलावा बुमराह ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत को 295 रन से ज़बरदस्त जीत दिलाई थी। हालांकि बुमराह की चोटों का इतिहास देखते हुए चयनकर्ता उन्हें फुल-टाइम टेस्ट कप्तान बनाने से पहले उनके वर्कलोड और फिटनेस को लेकर सावधानी बरत सकते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम का ऐलान इसी महीने के अंत तक होने की उम्मीद है। पहला टेस्ट मुकाबला 19 जून से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा।

## आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट

एजेंसी

मुम्बई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8.49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनओसी 25 मई तक वैध है।

# बरौनी की फुटबॉल क्रांति : दिल की चोट बनी जीत की विरासत

एजेंसी

बेगूसराय/पटना। बिहार के बेगूसराय की फिजाओं में फुटबॉल का रंग घुला है और यह सिर्फ फ्लाईओवर के खंभों पर लिखा एक नारा नहीं है, यह एक खामोश क्रांति की दास्तान है, जो बिहार के एक गुमनाम कोने में टूटी हड्डियों और आहत स्वाभिमान के साथ शुरू हुई थी। राजधानी पटना की भागदौड़ से दूर बरौनी के एक शांत मुहल्ले में फुटबॉल यूं ही नहीं आ गई। इसे अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। स्वतंत्रता सेनानी यमुना भगत की विरासत के रूप में पहचाना जाने वाला यह मैदान लगभग 80 साल पहले फुटबॉल का अप्रत्याशित घर बन गया था। वहीं, इस कहानी का असली मोड़ वर्ष 1990 में आया, जब स्थानीय लड़कियों की एक अनुभवहीन और आत्मविश्वास से रहित टीम एक प्रदर्शनी मैच में मुजफ्फरपुर की धुरंधर टीम के सामने बुरी तरह हार गई। यह हार मैदान की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मैच में सिर्फ शारीरिक चोटें नहीं दे गई बल्कि हर खिलाड़ी के आत्मसम्मान को भी गहरा आघात पहुंचा गई। कुछ लड़कियां लंगड़ाती हुईं लौटीं, कुछ को स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा और सबके जख्म जिस्मानी दर्द से कहीं ज्यादा गहरे थे। उस अपमानजनक हार ने शर्मिंदगी नहीं बल्कि एक दृढ़ संकल्प को जन्म दिया। पूर्व फुटबॉलर और स्थानीय शिक्षक चंद्रशेखर, जिनकी बातों में पीढ़ियों का अनुभव झलकता है, उस दिन को याद करते हुए कहते हैं, हमें अपमानित किया गया था लेकिन हमने उस दर्द को एक मकसद में बदल दिया। चंद्रशेखर बताते हैं कि इस मैदान की नींव स्वतंत्रता से पहले ही पड़ गई थी, जब यमुना भगत ने जेल से रिहा होने के बाद समाज के पिछड़े वर्गों के युवाओं को शिक्षित करने के लिए एक पुस्तकालय की स्थापना की थी। लेकिन, असली बदलाव तो वर्ष 1990 में आया, जब उन्होंने मैदान की 50वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा, ल्लहमने दो टीमों को प्रदर्शनी मैच के लिए बुलाया था लेकिन सिर्फ एक टीम आई। आयोजक होने के नाते हम शर्मिंदा थे और अचानक ही हमने एक टीम खड़ी कर दी, जिसमें कुछ ऐसी लड़कियां थीं जिन्होंने कभी फुटबॉल नहीं खेला था। चंद्रशेखर की आवाज में उस दिन का दर्द आज भी महसूस किया जा सकता है। वह कहते हैं, दुर्भाग्य से हमारी कुछ लड़कियों की टांगें टूट गईं और ज्यादातर घायल हो गईं। उस हार ने हमें अंदर तक हिला दिया। हम अंदर से घायल थे। पूरे गांव ने मिलकर फैसला किया कि अब एक टीम बनेगी, हम कुछ कोच रखेंगे और उन्हें पैसे देने के लिए हम चंदा जुटाएंगे।

# श्रीलंका में स्नेह राणा की सफलता का राज धीमी और फुल लेंथ गेंदबाजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्नेह राणा ने श्रीलंका में त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उनकी सफलता में गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी की अहम भूमिका रही। साल्वी ने पिच को काफी अच्छी तरह पढ़ा और स्नेह को कम गति से गेंदबाजी करने की सलाह दी जो उनके काफी काम आई। बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर स्नेह गेंद की गति में विविधता लाई जो काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने श्रृंखला में 15 विकेट चटकाए और कई देशों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की।

स्नेह ने कहा, मैंने हमारे गेंदबाजी कोच अविष्कार सर से बात की। उन्होंने हमें बताया कि वहां किस तरह की गेंदबाजी कामयाब रहेगी। उन्होंने कहा, गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरह आ रही थी इसलिए हमें धीमी और फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी गई। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, ''मैं बेहद खुश हूं, मुझे खुशी है कि मुझे इतने लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। इस जर्सी को दोबारा पहनकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। श्रीलंका में सपाट पिचें थी और एक मैच में तो 600 से अधिक रन बने लेकिन स्नेह ने अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। स्नेह ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट के नूशीन अल खादीर और न्यूजीलैंड की राशेल पुलर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2002 में 12 विकेट चटकाए थे। स्नेह ने कहा, ''जीत की लय हासिल करना हमेशा अच्छा होता है। इस तरह की परिस्थितियों में दबाव में प्रदर्शन करने से आपको अतिरिक्त आत्मविश्वास और अनुभव मिलता है।

# भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन कई इंटरनेशनल टूर्नामेंट में बिखेरी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय चेस खिलाड़ी वर्तमान में दुनिया भर में चल रहे कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। आइए नजर डालते हैं कुछ प्रमुख टूर्नामेंट में, जिनमें मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने एशियन चेस चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ओपन सेक्शन में पांच पुरुष और वीमेन सेक्शन में चार भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप 10 में शामिल हैं। महिला वर्ग में सेषाद्री रिजा ने पांच में से पांच मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ओपन सेक्शन में भारत के एल. श्रीहरि चौथे स्थान पर हैं, जबकि ईरान के बर्दिया दानेशवर शीर्ष पर हैं। भारत के कार्तिकेयन मुरली और निहाल सरीन भी टॉप 10 में शामिल हैं – क्रमशः सातवें और दसवें स्थान पर। यह चैंपियनशिप न केवल एशियन चैंपियन का खिताब तय करती है, बल्कि 2025 फाइडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर भी है। ग्रांड चेस टूर 2025 के दूसरे चरण और क्लासिकल इवेंट 'सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया' में भारत के डी. गुकेश को राउंड 6 में अलीरेज़ा फिरोज़ा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह राउंड के बाद गुकेश केवल 2 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वहीं, भारत के दूसरे प्रतिभागी आर. प्रज्ञानानंद ने जान-क्रिज़टोफ़ डूडा से ड्रॉ खेला। उनके अब 6 में से 4.5 अंक हैं और वह अलीरेज़ा फिरोज़ा, फबियानो कारुआना और मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फाइडे महिला ग्रां प्री श्रृंखला के ग्रॉसलोबमिंग चरण में अन्ना मुझ्यचुक और झू जिनेर 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारत की आर. वैषाली सातवें राउंड में अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक से हारने के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तान झोंगयी, जो मौजूदा महिला वर्ल्ड चैंपियनशिप की रनर-अप हैं, 4.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यह ग्रॉसलोबमिंग लेग 2024ऽ2025 महिला ग्रां प्री की अंतिम प्रतियोगिता है और यह अगली वीमेन कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए अहम क्वालिफिकेशन इवेंट है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई नेशनल डे पर शुरू होगा डीपी वर्ल्ड टी20 लीग का चौथा सीजन

**नई दिल्ली।** डीपी वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे संस्करण की शुरुआत इस साल के अंत में 2 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर होगी। यह प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 34 मुकाबले खेले जाएंगे। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन उसके पारंपरिक जनवरी-फरवरी समय से पहले किया जा रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च 2026 में होने वाला है। टी-20 लीग के अध्यक्ष और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी ने कहा, ''हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लीग का चौथा संस्करण यूएई के राष्ट्रीय पर्व ईद-अल-इत्तिहाद पर शुरू होगा। यह दिन हमारे लिए गर्व का प्रतीक है और दुनियाभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्सव का अवसर भी। यूएई विभिन्न देशों से आए लोगों का घर है और यह लीग हमारे इस विविधता भरे समाज को एकजुट करने का अवसर देती है। टी-20 लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा, हमने सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद दिसंबर-जनवरी की अवधि तय की है, जिससे विश्व कप से पहले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम की तैयारी का पूरा समय मिल सकेङ्क उन्होंने आगे कहा, ल्लयह समय टीमों को बेहतर खिलाड़ियों की उपलब्धता भी देगा, जिससे मुकाबले और रोमांचक होंगे। पिछले सीज़न में दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ी मैदान में नजर आए थे, जिनमें प्रमुख नाम निकोलस पूरन, सैम करन (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ऽ लाल बेल्ट), शाई होप (सर्वाधिक रन ऽ हरी बेल्ट), फज़लहक फारूकी (सर्वाधिक विकेट ऽ सफ़ेद बेल्ट), आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, डेविड वॉर्नर, टिम साउदी, फखर ज़मान, और एडम ज़म्पा के हैं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम घोषित, हेले मैथ्यूज करेंगी कप्तानी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 21 मई से 8 जून के बीच खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच शामिल हैं। टीम की कमान एक बार फिर स्टार ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज के हाथों में होगी, जबकि शेमेन कैंपबेल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। इस स्क्वाड में पिछले महीने पाकिस्तान में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालिफायर की तुलना में दो बदलाव किए गए हैं। 20 वर्षीय गयाना की ऑलराउंडर रियलियाना ग्रिमंड और सेंट किट्स की तेज गेंदबाज़ जहांज़ारा क्लैक्सन को टीम में शामिल किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी रशाडा विलियम्स (विकेटकीपर-बल्लेबाज) और चिनेल हेनरी (ऑलराउंडर) की जगह टीम का हिस्सा बनी हैं। वेस्टइंडीज महिला टीम 13 मई को इंग्लैंड रवाना होगी। सीरीज़ की शुरुआत 21 मई को पहले टी20 मुकाबले से होगी, जो द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी में खेला जाएगा। हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमेन कैंपबेल (उपकप्तान), आलिया एलेन, जहांज़ारा क्लैक्सन, अफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, शबीका गजनबी, जनीलिया ग्लासगो, रियलियाना ग्रिमंड, ज़ायदा जेम्स, किआना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अशिमनी मुनिसार, करिश्मा रामहरक, स्टेफनी टेलर।

### आईएलटी20 का चौथा सत्र दो दिसंबर से

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग (आईएलटी20) का चौथा सत्र दो दिसंबर से शुरू होगा । आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की । यह लीग चार जनवरी 2026 तक चलेगी । आम तौर पर यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है लेकिन अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप होना है । पिछले सत्र में दुबई कैपिटल्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराकर खिताब जीता था । अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष और आईएलटी20 के चेयरमैन खालिद अल जरूनी ने कहा ,'' हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 का चौथा सत्र यूएई के राष्ट्रीय दिवस ईद अल एतिहाद से शुरू होगा । पिछले सत्र में सैम कुरेन, शाइ होप, फजलहक फारूकी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, डेविड वॉर्नर और राशिद खान समेत कई सितारा खिलाड़ियों ने भाग लिया था ।

### पहलगाम हमला : पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा । मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने पीटीआई से कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे ।इसमें कोई दोराय नहीं है। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिये। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किये। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किये जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया।

# भारत के तुर्किये, अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों में तनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों में तनाव आने की आशंका है, क्योंकि इन दोनों देशों ने पाकिस्तान का समर्थन किया है और वहां आतंकी ठिकानों पर भारत के हालिया हमलों की निंदा की है। पाकिस्तान को उनके समर्थन के बाद, पूरे देश में तुर्किये के सामान और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग उठ रही है। इसके अलावा, ईज़माईट्रिप और इक्सिगो जैसे ऑनलाइन यात्रा मंच ने इन देशों की यात्रा के खिलाफ परामर्श जारी किया है। वास्तव में, भारतीय कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। भारत ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इसके बाद पाकिस्तान द्वारा किए गए आक्रमण का जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत दिया गया। भारत और पाकिस्तान ने पिछले शनिवार की शाम पांच बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के सहमति बनने की घोषणा की थी। संघर्ष के दौरान, पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के अपने असफल प्रयास में तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया था। तुर्किये और अजरबैजान, दोनों देशों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले की आलोचना की है। भारत का तुर्किये को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 5.2 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 6.65 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 437 अरब डॉलर के निर्यात का सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। वहीं, भारत का अजरबैजान को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान मात्र 8.60 करोड़ डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 8.96 करोड़ डॉलर था। यह भारत के कुल निर्यात का मात्र 0.02 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत का आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 2.84 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 3.78 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 720 अरब डॉलर के आयात का सिर्फ 0.5 प्रतिशत है। भारत में अजरबैजान से आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 तक 19.3 करोड़ डॉलर था, जो 2023-24 में 7.4 लाख डॉलर यानी भारत के कुल आयात का मात्र 0.0002 प्रतिशत था। भारत का दोनों देशों के साथ व्यापार अधिशेष है।

## मैग्मा जनरल इंश्योरेंस और टोयोटा त्सुशो के बीच करार

मुंबई। बीमा क्षेत्र की निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने यात्री वाहन बीमा बाजार में अपनी मौजूदगी को सशक्त करने के उद्देश्य से टोयोटा त्सुशो इंश्योरेंस ब्रोकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीटीआईबीआई) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत टीटीआईबीआई देशभर के 150 डीलर नेटवर्क के माध्यम से मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों का वितरण करेगा। यह निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों जैसे खतरों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। मैग्मा जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमारस्वामी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह गठजोड़ विशेष रूप से निजी यात्री कार श्रेणी में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करेगा।

# टीसीएस और खान बैंक के बीच साझेदारी, मंगोलिया में बैंकिंग सेवाओं का होगा डिजिटल कायाकल्प

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने बैंकिंग परिचालन को भविष्य के लिए तैयार बनाने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा मशीन लर्निंग जैसी उन्नत तकनीकों के जरिए नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगोलिया के प्रमुख वाणिज्यिक बैंक खान बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि टीसीएस अपने प्रमुख वैश्विक बैंकिंग प्लेटफॉर्म टीसीएस बैंक्स को खान बैंक के लिए तैनात करेगा, जो बैंक को परिचालन दक्षता बढ़ाने, ग्राहक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने और डिजिटल रूपांतरण को साकार करने में मदद करेगा। टीसीएस बैंक्स के माध्यम से बैंक ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ), व्यापार वित्त, कोषागार, अंतर्राष्ट्रीय भुगतान, ऋण और जमा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करेगा। इस समाधान में वास्तविक समय निगरानी, जोखिम विश्लेषण और उन्नत रिपोर्टिंग क्षमताएं शामिल होंगी। खान बैंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुंखतुया आर. (टूया) ने इस साझेदारी को बैंक की विकास रणनीति के अनुरूप बताते हुए कहा, यह सहयोग एआई पहल को आगे बढ़ाने, तेजी से नए उत्पादों को लॉन्च करने और बैंक की बाजार स्थिति को और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। टीसीएस के वित्तीय समाधान इकाई के वैश्विक प्रमुख वेंकटेश्वरन श्रीनिवासन ने कहा, खान बैंक का टीसीएस बैंक्स को चुनना दोनों संस्थाओं के बीच वर्ष 2001 से चली आ रही दो दशक पुरानी साझेदारी पर आधारित विश्वास को दर्शाता है।

## ईकेए मोबिलिटी आंध्र प्रदेश में 750 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करेगी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक परिवहन के क्षेत्र में सक्रिय कंपनी ईकेए मोबिलिटी ने बुधवार को कहा कि उसे आंध्र प्रदेश के 11 शहरों में 750 इलेक्ट्रिक बसों (ई-बस) को तैनात करने के लिए एक ऑर्डर मिला है।

कंपनी को इस ऑर्डर का दस्तावेज मिल गया है और उसने इसे पूरा करने के लिए ग्रीनसेल मोबिलिटी के साथ साझेदारी की है। इस ऑर्डर के तहत आंध्र प्रदेश के 11 शहरों- अमरावती, अनंतपुर, कडप्पा, काकीनाडा, कुरनूल, राजमुंदरी, नेल्लोर, गुंटूर, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और तिरुपति में 9-मीटर और 12-मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को उतारा जाएगा।

# थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर 13 माह के निचले स्तर 0.85 फीसदी पर आई

एजेंसी



नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर जनता को राहत देने वाली खबर है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। अप्रैल में थोक महंगाई दर 2.05 फीसदी से घटकर 0.85 फीसदी पर आ गई है। यह 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च, 2024 में थोक महंगाई दर 0.53 फीसदी के स्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल माह में खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने की वजह से घटकर 0.85 फीसदी रह गई। रोजाना की जरूरत के सामानों और खाने-पीने की चीजों की कीमतें घटने की वजह से थोक महंगाई दर घटी है। मार्च में यह 2.05 फीसदी और अप्रैल 2024, में 1.19 फीसदी रही थी। फरवरी, 2025 की थोक महंगाई दर के जारी आंकड़ों को संशोधित किया गया है। सरकार ने इसे 2.38 फीसदी से बढ़ाकर 2.45 फीसदी किया गया है। इसके अलावा डब्ल्यूपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च महीने में 2.05 फीसदी और अप्रैल, 2024 में 1.19 फीसदी रही थी। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.86 फीसदी रही जो मार्च में 1.57 फीसदी थी। अप्रैल में सब्जियों की मुद्रास्फीति दर 18.26 फीसदी रही, जबकि मार्च में यह 15.88 फीसदी रही थी। प्याज में मुद्रास्फीति घटकर अप्रैल में 0.20 फीसदी रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 फीसदी रही थी। ईंधन एवं बिजली के क्षेत्र में मुद्रास्फीति अप्रैल में 2.18 फीसदी रही, जो मार्च में 0.20 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई दर को 4 फीसदी के आसपास बनाए रखने का अनुमान जताया है, लेकिन सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर करीब छह साल के निचले स्तर 3.16 फीसदी पर आ गई है, जो जुलाई 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 फीसदी रही थी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्यता का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देश रहेगा तो हम रहेंगे, इस सोंच के साथ काम करतें है बीजेपी के कार्यकर्ता: संजय गुप्ता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क


प्रयागराज। सर्व प्रथम देश रहेगा तो हम रहेंगे। पूरे विश्व ने देखा कि भारत वर्ष की सैन्य शक्ति ने अपना शौर्य दिखाया और आतंक वादियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की पोल खुल गई। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति एवं सेना को खुली छूट ने यह साबित कर दिया है कि पाकिस्तान के मन्सूबे कभी कामयाब नहीं हो सकते। यह बात बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से औपचारिक मुलाकात में हुई वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कही। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त संजय गुप्ता 16 वर्ष की उम्र से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा जाना शुरू किया और उनमें राष्ट्रवादी सोंच बचपन से रही। वह प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद आगे बढ़ते रहे और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान से एमएससी की परीक्षा उत्तीण किया। इसके बाद संजय गुप्ता ने एल.एल.बी की भी शिक्षा ली। इस दौरान वह अपने परिवारिक कारोबार को भी आगे बढ़ाते रहे। वर्ष 1998 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ गए। लगातार भाजपा के लिए संघर्ष करते रहे। इस दौरान उनका पार्टी के प्रति निष्ठा बढ़ती चली गई और काम करते रहे। संजय गुप्ता ने बताया कि मुझे कभी आशा भी नहीं थी कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज महानगर का भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदारी सौपेगी। देश में भाजपा ही ऐसा संगठन है जहां जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को बड़ी सी बड़ी जिम्मेदारी देती है। भारतीय जनता पार्टी का संगठन विश्व में सबसे बड़ा संगठन है। प्रयागराज महानगर की जिम्मेदारी मुझे दी गई है। जिम्मेदारी मिलने के बाद से ही लगातार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित देश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से लगातार सम्पर्क बनाने के साथ ही प्रयागराज जैसे महानगर में पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं की चिंता के साथ ही अपने काम में लग गया हूं। केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार लगातार देश की जनता के हित में दिनरात काम कर रहें है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की नीतियों ने माफिया, अपराधियों एवं भूमाफियों की पूरी तरह से कमर तोड़ चुकी है। सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। पार्टी ने हमे जो जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठा और कड़े परिश्रम के साथ लगातार निभाने का प्रयास कर रहा हूं।



## बनारस बार एसोसियेशन अध्यक्ष के कार पर फायरिंग, कार मैकेनिक को लगी गोली

■ कार को लेकर गैराज ले जाते समय मनबढ़ फायरिंग कर के फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। बनारस बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता सतीश तिवारी की कार पर मनबढ़ युवकों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान कार सवार मिस्त्री के कंधे में गोली लग गई। मंगलवार की देर रात हुई घटना की जानकारी पाते ही पुलिस के साथ अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए। संयोग ही रहा कि कार में अधिवक्ता सतीश तिवारी नहीं थे। अधिवक्ता सतीश तिवारी ने पुलिस अफसरों को बताया कि उनकी कार खराब हो गई थी। देर रात कार के स्टार्ट न होने पर उन्होंने मैकेनिक सोनू सोनकर को बुलाया और कार उसे देकर घर चले गए। मैकेनिक सोनू अपने सहयोगियों के साथ कार लेकर गैराज जा रहा था। तभी शुद्धिपुर शिवपुर के पास कुछ लोगों से उसकी कहासुनी हो गई और मनबढ़ युवकों ने कार पर फायरिंग कर दी और एक गोली मैकेनिक सोनू के दाएं कंधे में जा लगी। घटना के बाद मनबढ़ मौके से भाग निकले। कार मैकेनिक ने घटना की जानकारी अधिवक्ता के साथ पुलिस को दी। घायल मिस्त्री को आनन-फानन में बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई। घायल गाड़ी मैकेनिक की तहरीर पर शिवपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। शिवपुर पुलिस के अनुसार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। बनारस बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता सतीश तिवारी के कार पर फायरिंग मामले को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। बुधवार को इस मामले को लेकर सेन्ट्रल बार के सभागार में सेंट्रल बार के अध्यक्ष अधिवक्ता मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में दोनों एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता सतीश तिवारी के कार पर कुख्यात बदमाशों ने गोली चलाई है। संयोग से कार में उस समय सतीश तिवारी मौजूद नहीं थे इसलिए गोली कार चालक मिस्त्री को लग गई। घटना की एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभी तक हमलावर पकड़े नहीं गए हैं और न ही उनकी पहचान हो पाई है। इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी है। अधिवक्ताओं ने बनारस बार अध्यक्ष सतीश तिवारी को सशस्त्र सुरक्षा व्यवस्था देने, घायल कार मैकेनिक को पांच लाख रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेताया कि इस मामले में 24 घंटे के अंदर आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर न्यायिक कार्य से विरत हो जाएंगे।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सनातन संजीवनी पुस्तिका का किया विमोचन

वाराणसी। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ में सनातन संजीवनी पुस्तिका का विमोचन किया। पुस्तिका में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के जीवन के विविध पहलुओं को बताया गया है। ज्योतिर्मठ बद्रिका आश्रम हिमालय के प्रकाशन सेवालय की ओर से प्रकाशित पुस्तक में शंकराचार्य से जुड़े पहलुओं का संकलन साध्वी पूर्णाम्बा ने किया है। पुस्तक के विमोचन के बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आशीर्वचन दिया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि रक्षित धर्म ही हमारी रक्षा करता है। आज के इस कठिन समय में जहां चारों ओर से सनातन धर्म पर प्रहार हो रहे हैं।

## साहब मै जिंदा हूं, जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति अपने जिंदा होने का सबूत लेकर पहुंचा। वह अपने आगे तख्ती लटाए था जिस पर मै जिन्दा हूं लिखा हुआ था। वह जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह से मिलकर शिकायत करने पहुंचा था।

मामला बक्शा थाना क्षेत्र के खुशहुपुर गांव में जमीनी विवाद का मामला सामने आया है। यह विवाद जमीन के बंटवारे को लेकर है। विजय बहादुर का आरोप है कि एसडीएम शहर पवन कुमार सिंह द्वारा मुझे मेरे पट्टीदारों से मिलकर कागजों पर मृत घोषित कर दिया है। विजय बहादुर और सुनील कुमार के बीच धारा-145 का मुकदमा पिछले 18 वर्षों से न्यायालय में चल रहा है। इस मामले में धारा-140(1) के तहत कुर्की का आदेश जारी किया गया था। जिला जज जौनपुर ने इस आदेश को खारिज कर दिया। विजय बहादुर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया। शंकर और उनके साथियों ने उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में धारा-116 के तहत नया मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम सदर को प्रभावित कर विजयबहादुर के बेटे अशोक कुमार का फर्जी हलफनामा तैयार कराया गया। 22 नवंबर 2024 को दोपहर 2-3 बजे के बीच कथित हलफनामा तैयार किया गया। उस समय अशोक कुमार जेल में थे। उन्हें उसी दिन शाम 7 बजे जेल से रिहा किया गया। अशोक को 18 नवंबर को धारा 170, 128, 135 के तहत गिरफ्तार किया गया था। दो लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने के बाद भी उन्हें जेल भेज दिया गया। 11 मई 2025 को एक और घटना हुई। लेखपाल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। विजय बहादुर का छप्पर हटाने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर छप्पर में आग लगा दी गई। यह मामला वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इस घटना क्रम से आहत विजय बहादुर ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं जिलाधिकारी ने पूरे मामले में जांच के आदेश दे दिया है।




## मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात्रि एक बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बैटरी के शोरूम से कैश चोरी किया था। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि 4 मार्च को थाना उत्तर क्षेत्र के नगला पान सहाय निवासी सत्यपाल सिंह पुत्र राम सनेही लाल ने तहरीर दी कि 28 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसकी बैटरी के शोरूम में रखा कैश चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण अतुल कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी लगंडे की चौकी थाना हरी पर्वत जनपद आगरा, कान्हा पुत्र प्रवेश कुमार निवासी 100 फुटा रोड़ थाना कालिन्दी विहार जनपद आगरा व विकाश श्रीवास्तव पुत्र सुनील श्रीवास्तव निवासी मोतियों की बगीची थाना हरि पर्वत जनपद आगरा का नाम प्रकाश में आया। जिनकी पुलिस टीम को तलाश थी। इसी क्रम में थाना उत्तर प्रभारी राजेश कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अतुल कुमार थाना क्षेत्र उत्तर में श्री गिर्राज जी धाम नगला पान सहाय में कहीं भागने की फिराक में छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो मोटरसाइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोका तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

## संपादक मण्डल


**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उ.प्र)


## वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

■ पुलिस की गोली से एक हुआ लंगड़ा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन अनवरत जारी है। मंगलवार के रात में सिहानी गेट पुलिस ने दिन और रात में खड़े वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की तरफ से चली गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात में पुलिस को खबर मिली की डीपीएस कट पर कुछ बदमाश आने वाले हैं। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी सामने से स्कूटी पर संदिग्ध अवस्था में आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया। तो वह तेजी से स्कूटी चलाकर भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर रोकने प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे ।जहां पर स्कूटी फिसल गई और बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश आँशु के पैर में गोली लगी और वह नीचे गिर गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल बदमाश का नाम आशु उर्फ आस मोहम्मद है जो मोहल्ला मेवातियाँन पीपल वाली मस्जिद के पास दादरी का निवासी है। जब के उसके साथ का नाम प्रमोद है जोब्रिज बिहार थाना मुरादनगर का निवासी है। एसीपी मिश्रा ने बताया कि आशु के विरुद्ध थाना मसूरी में 06 अभियोग , थाना इंद्रापुरम पर 05 अभियोग , थाना धौलाना पर 02, थाना फ़ेज थर्ड नोएडा पर 01, थाना हसनपुर अमरोहा पर 01 अभियोग, थाना सिहानी गेट 03, कुल 18 अभियोग पंजीकृत है। जबकि प्रमोद उपरोक्त के विरुद्ध थाना सिहानी गेट पर 03 अभियोग पंजीकृत है। इसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, 02 कारतुस .315 बोर, (01 जिन्दा, 01 खोखा) 01 स्कूटी तथा 24 बैटरी बरामद हुई हैं।

## बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने मां बेटे से लूटपाट कर फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



झांसी। उल्दन थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम तीन नकाबपोश लुटेरों ने एक बाइक सवार मां बेटे और बहन के साथ मारपीट करते हुए लूट की घटना की है। लुटेरे बाइक सवार मां बेटे से सोने के लाखों रुपये के आभूषणों के साथ 20 हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना की जांच करते हुए लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। बंगरा निवासी विशाल अपनी मां ममता पत्नी नरेंद्र सिंह और बहन पलक को मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर से भसनेह गांव अपने मामा के घर बीती शाम एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वे सिजारा बस्ती से दुगारा मार्ग की ओर बढ़े, तभी पीछे से एक अपाचे बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाश आए और उन्हें रोक कर विशाल की बाइक से चाबी निकालकर फेंकते हुए लूटपाट शुरू कर दी। लुटेरों ने ममता के गले से सोने का हार, झुमकी और मंगलसूत्र, पर्स छीन लिया, जिसमें कुछ नकदी और सोने के अन्य आभूषण रखे हुए थे। इतके बाद लुटेरों ने विशाल को मारा पीटा और उसकी बहन पलक को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही उल्दन, टोड़ीफतेहपुर और मऊरानीपुर समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी टहरौली ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। पीड़ित मां बेटे ने बताया कि लगभग 4 बजे यह लूट की घटना हुई। उन्होंने आशंका जताई कि नकाबपोश उनका पीछा कर रहे थे। उनकी बाइक की नंबर प्लेट भी काली थी। पीड़ित ममता ने बताया कि लुटेरों ने उसके कान से झुमकी खींच लिए, जिससे कान फट गए। उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर पीड़ितों का छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। देर रात तक पीड़ित और उनके परिजनों ने उल्दन थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी उल्दन दिनेश कुरील ने बुधवार को बताया कि सिजारा से कुछ दूरी पर बाइक सवार मां-बेटा और बहन के साथ लूट की घटना हुई है। अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोशों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्भावित बाढ़ के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपदा के आने से पूर्व व बाद की कार्ययोजना बनाकर जनसमुदाय को राहत पहुंचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि सम्भावित बाढ को दृष्टिगत रखते हुए राहत एवं बचाव कार्य से जुड़े सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी कार्य योजना विगत वर्षो में आयी बाढ़ के अनुभवों के आधार पर तैयार कर लें, ताकि जिले में अचानक बाढ़ आने पर तत्काल बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं सहायता प्रदान की जा सके। उन्होने कहा कि विगत वर्षो में आयी बाढ़ के अनुभव के आधार पर जितने भी गॉव बाढ़ से प्रभावित हुए थे, सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उन गांवों का दौरा कर गांव वालों से सीधा संवाद स्थापित करें और उनके द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर राहत एवं बचाव कार्य के लिए शीघ्र तैयारियां पूर्ण कर ली जाए, जिससे राहत एवं बचाव कार्यो में किसी तरह की शिथिलता न आने पाये और तत्काल बाढ़ पीड़ितों को सहायता प्रदान करके उन्हें सुरक्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो में आयी बाढ़ के दौरान कितने क्यूसेक पानी बाढ में आया था। उसी के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य की सभी तैयारियां चाक चौबन्द रखी जाएं। राहत एवं बचाव कार्य से जुड़े सभी सम्बन्धित अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय कार्ययोजना तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन बन्धों एवं स्पर का मरम्मत कार्य चल रहा है, सम्बन्धित अधिशासी अभियंता उसे युद्ध स्तर पर पूरा करायें। यदि कहीं मरम्मत की जरूरत है तो उसे भी तत्काल करवा दें। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ से प्रभावित होने वाले गॉवों में स्थलीय निरीक्षण कर राहत शिविर की स्थापना, अधिकारियो-कर्मचारियों की तैनाती नाव एवं नाविक की सूची, ब्लाक एवं ग्राम आपदा प्रबन्धन समिति का गठन, जीवनरक्षक उपकरण, मोटरबोट, बाढ़ चौकियों, नाव, गोताखोर आदि की व्यवस्था हेतु रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें और उनके टेण्डर की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी कर ली जाए। उन्होने विद्युत विभाग के अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि बाढ क्षेत्र में बिजली के खम्भे एंव तारों को मजबूत करें। बाढ आने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था भी करें। उन्होने राहत वितरण, खाद्यान्न सामग्री का पैकेट आदि वितरण के सम्बन्ध में जो निविदा पास होती है, उन फर्मो को भी सम्बन्धित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही बता दिया जाए। उन्होने निर्देश दिया है कि बरसात के दिनों में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु तथा यदि किसी भी व्यक्ति के बाढ़ के दौरान सांप काट लेता है तो उनसे बचाव हेतु एंटी स्नेक वेनम सहित अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। सम्भावित बाढ़ को देखते हुए पशुओं को चारे की कोई दिक्कत न होने पाए, इसके लिए भूसा व हरे चारे व्यवस्था तथा पशुओं को बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देश दिया।

## भारतीय सेना की सफलता के लिए 'बागबान' महिला संगठन ने की महादेव की आरती



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। ''ऑपरेशन सिंदूर'' की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस को नमन करने के साथ उनका मनोबल बढ़ाने के लिए महिला संगठन भी एकजुट है। बुधवार को वाराणसी की सिंधी महिलाओं ने एक विशेष आयोजन कर देश के वीर जवानों के शौर्य को सलाम किया और उनका मनोबल बढ़ाया। सिंधी महिलाओं के संगठन 'बागबान' की पहल पर महमूरगंज स्थित एक होटल परिसर के शिव मंदिर में महिलाओं ने सीमा पर भारतीय फौज की कुशलता और उनकी सफ़लता के लिए सिन्दूर दान कर महाआरती की। इसके बाद राहगीरों में शरबत का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूजा लखमानी ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद और सीमा पर लगातार बने तनावपूर्ण माहौल के बीच भारतीय सेना के जवान पूरी दृढ़ता से देश की रक्षा कर रहे हैं। इन वीर जवानों के उत्साहवर्धन और उनकी सफलता की प्रार्थना के लिए हम महिलाओं ने भगवान शिव को सिंदूर अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की। पूजा लखमानी ने कहा, ''हमने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की है कि वह हमारे सैनिकों को दीर्घायु करें और उनकी पत्नियों के सुहाग की रक्षा करें। जिनके पति देश की रक्षा में दिन-रात लगे हुए हैं। यह सिंदूर हमारी बहनों की आशा, शक्ति और विश्वास का प्रतीक है।'' उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए एक संदेश भी है कि देश की महिलाएं भी हर परिस्थिति में राष्ट्र के साथ खड़ी हैं। महाआरती के पश्चात, संगठन की महिलाओं ने राहगीरों को शरबत और प्रसाद वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सचिव वर्षा बढ़ानी और कोषाध्यक्ष अमीषा रुपानी ने किया। कार्यक्रम में मधु डोडवानी, पायल राजवानी, वर्षा लालवानी सहित कई अन्य सदस्याओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया।